FAX

अतिमहत्वपूर्ण/सर्वोच्च प्राथमिकता

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद – 1

संख्या:दस–55–2009 दिनांक : मार्च 17, 2016

सेवा में,

1. अपर पुलिस महानिदेशक, डा0भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़/बरेली/कानपुर नगर/लखनऊ/मेरठ/वाराणसी।

विषय : उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची का प्रकाशन।

---

कृपया उपर्युक्त विषयक समसंख्यक पत्र दिनांकित 14.3.2016 को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

2. ज्ञातव्य है कि शासनादेश संख्या 808(1)/छः–पु0–2–2016–1100(20)/2015 दिनांक 16.3.2016 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश घुड़सवार पुलिस सेवा नियमावली, 2016 की प्रति पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक डीजी–चार–110(601)2009 दिनांकित 17.4.2016 के साथ प्राप्त हुई है। इस नियमावली के संगत प्रावधानों के अन्तर्गत उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची प्रकाशित किये जाने हेतु तैयार की गयी है जिसके आधार निम्नवत हैं :–

(1) किसी भी प्रकार के चयन से नियुक्त किये गये उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस की वरिष्ठता उनके चयन के दिनांक से निर्धारित की जायेगी। यहाँ चयन के दिनांक का तात्पर्य बोर्ड द्वारा भेजी गयी चयन सूची को विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किये जाने के दिनांक से है।

(2) पदोन्नति के माध्यम से नियुक्त उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस कर्मियों की ज्येष्ठता उनके चयन की तिथि से निर्धारित की जायेगी तथा पूर्ववर्ती वर्ष में चयनित कर्मी पश्चालवर्ती वर्ष में चयनित कर्मियों से ज्येष्ठ होगें। अगर किसी पद के लिए प्रोन्नति परीक्षा के माध्यम से है तो उनकी पारस्परिक ज्येष्ठता बोर्ड द्वारा प्रेषित अंतिम चयन सूची के अनुसार होगी। अगर प्रोन्नति ज्येष्ठता के आधार पर है तो एक चयन तिथि में नियुक्त किये गये कर्मियों की पारस्परिक ज्येष्ठता उनके पोषक संवर्ग में वरिष्ठता के अनुरूप होगी। यहाँ चयन के दिनांक का तात्पर्य बोर्ड द्वारा भेजी गयी चयन सूची को विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किये जाने के दिनांक से है।

(3) उपरोक्त के होते हुए भी अगर ज्येष्ठता के सम्बन्ध कोई अन्य तथ्य प्रकाश में आते हैं अथवा कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसका निवारण विभागाध्यक्ष द्वारा तर्कसंगत आदेश जारी कर किया जायेगा।

(4) यह सूची आपके जनपद/इकाई से प्राप्त विवरण के आधार पर तैयार की गयी है।

(5) पदोन्नति में आरक्षण एवं परिणामी ज्येष्ठता के सम्बन्ध में सिविल अपील संख्या 2608/2011 यू0पी0 पावर कारपोरेशन लि0 बनाम राजेश कुमार व अन्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय/आदेश दिनांक 27.4.2012 के अनुपालन में उ0प्र0शासन के शासनादेश संख्या 8/4/1/2002 टी0सी0–1–का–2/2015 दिनांक 21.8.2015 में विहित निर्देश के कम में पदावनत कर्मियों के नाम सूची से हटाये गये हैं।

(6) शासनादेश संख्या 1693/6–पु–1–15–90(4)/2014 दिनांक 23.7.2015 के कम में पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक डीजी–चार–119(11)/2014 दिनांक 29.7.2015 के अनुसार उ0प्र0 पुलिस बल के वर्ष 1994 से वर्ष 2014 तक आउट आफ टर्न प्रोन्नति प्राप्त कुल 990 अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारियों (मुख्य आरक्षी/उप निरीक्षक एवं निरीक्षक) की वन टाइम वरिष्ठता प्रदान करने हेतु पात्रता क्षेत्र में आये कर्मियों के नाम सम्मिलित किये गये है।

3. अनन्तिम ज्येष्ठता सूची पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-armed-police** पर प्रकाशित की गयी है जिसे डाउनलोड कर अपने जनपद/इकाई में नियुक्त उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस को लिखित रूप से सूचित करके उसका अभिलेख अपने कार्यालय में सुरक्षित रख लें। सूची में प्रकाशित कर्मियों को आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु 04 दिवस का समय प्रदान किया जाता है। सम्बन्धित कर्मियों द्वारा आपत्तियॉ दिनांक 21.3.2016 तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। इस प्रकार प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण कर अभिलेखीय साक्ष्य सहित उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस के बारे में आख्या दिनांक 22.3.2016 तक जरिये फैक्स तथा ई–मेल आईडी **anubhagadhikari10phq@gmail.com** पर पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायें जिससे तदनुसार निस्तारण किया जा सके।

4. उपर्युक्तानुसार प्रकाशित अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित कर्मियों के दिवंगत/ऐच्छिक सेवानिवृत्त अथवा किसी अन्य कारण से सेवा से विमुक्त हो जाने तथा उनकी वर्तमान नियुक्ति स्थान व नियुक्ति तिथि के सम्बन्ध में भी स्पष्ट सूचना/विवरण अंकित कर निर्धारित समयावधि के अन्दर उपलब्ध करायें।

5. इस सूची में यदि किसी उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस का नाम छूटा हो तो पूर्ण विवरण सहित अवगत कराया जाय।

6. आपके जनपद/इकाई से प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान किये कर्मियों का नाम सूची में सम्मिलित होने से छूटा न हो। प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर चुके कर्मियों के नामों को सम्मिलित कराने की जिम्मेदारी उनके गहन जनपद/इकाई की होगी।

7. यदि सूची में आपके जनपद/इकाई में तैनात दिखाया जा रहा कोई कर्मी वास्तव में वहाँ तैनात नहीं है तो उसका नाम हटाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह कर्मी वर्तमान में कहाँ तैनात है और इसके सत्यापन के पश्चात ही उसका नाम हटाया जाय तथा नवनियुक्ति स्थान की सूचना अवश्य दी जाय।

8. उपरोक्त सूची में दर्शाया गया कोई कर्मी यदि निलम्बित चल रहा हो तो उसकी सूचना भी इस मुख्यालय को अवश्य दी जांय।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

17/3

पुलिस उपमहानिरीक्षक-स्थापना,
उत्तर प्रदेश।

FAX

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. पुलिस महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीतापुर।
3. पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना उ0प्र0 लखनऊ।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा।
5. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इलाहाबाद।
6. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फैजाबाद।
7. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर।

प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय लखनऊ को सूची सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया इस पत्र के साथ भेजी जा रही ज्येष्ठता सूची को पुलिस की बेवसाइट http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-armed-police फोल्डर में अपलोड कराने का कष्ट करें।

2016 03/18 5:46 FAX

वरिष्ठता का आधार -

(1) किसी भी प्रकार के चयन से नियुक्त किये गये उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस की वरिष्ठता उनके चयन के दिनांक से निर्धारित की जायेगी। यहाँ चयन के दिनांक का तात्पर्य बोर्ड द्वारा भेजी गयी चयन सूची को विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किये जाने के दिनांक से है।

(2) पदोन्नति के माध्यन से नियुक्त उप निरीक्षक घुड़सवार पुलिस कर्मियों की ज्येष्ठता उनके चयन की तिथि से निर्धारित की जायेगी तथा पूर्ववर्ती वर्ष में चयनित कर्मी पश्चातवर्ती वर्ष में चयनित कर्मि से ज्येष्ठ होगें। अगर किसी पद के लिए प्रोन्नति परीक्षा के माध्यम से है तो उनकी पारस्परिक ज्येष्ठता बोर्ड द्वारा प्रेषित अंतिम चयन सूची के अनुसार होगी। अगर प्रोन्नति ज्येष्ठता के आधार पर तो एक चयन तिथि में नियुक्त किये गये कर्मियों की पारस्परिक ज्येष्ठता उनके पोषक संवर्ग में वरिष्ठता के अनुरूप होगी। यहाँ चयन के दिनांक का तात्पर्य बोर्ड द्वारा भेजी गयी चयन सूची विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किये जाने के दिनांक से है।

(3) उपरोक्त के होते हुए भी अगर ज्येष्ठता के सम्बन्ध कोई अन्य तथ्य प्रकाश में आते हैं अथवा कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसका निवारण विभागाध्यक्ष द्वारा तर्कसंगत आदेश जारी कर कि जायेगा।

(4) यह सूची आपके जनपद/इकाई से प्राप्त विवरण के आधार पर तैयार की गयी है।

(5) पदोन्नति में आरक्षण एवं परिणामी ज्येष्ठता के सम्बन्ध में सिविल अपील संख्या 2608/2011 यू0पी0 पावर कारपोरेशन लि0 बनाम राजेश कुमार व अन्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारि निर्णय/आदेश दिनांक 27.4.2012 के अनुपालन में उ0प्र0शासन के शासनादेश संख्या 8/4/1/2002 टी0सी0-1-का-2/2015 दिनांक 21.8.2015 में विहित निर्देश के क्रम में पदावनत कर्मियों नाम सूची से हटाये गये हैं।

(6) शासनादेश संख्या 1693/6-पु-1-15-90(4)/2014 दिनांक 23.7.2015 के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक डीजी-चार-119(11)/2014 दिनांक 29.7.2015 के अनुस उ0प्र0 पुलिस बल के वर्ष 1994 से वर्ष 2014 तक आउट आफ टर्न प्रोन्नति प्राप्त कुल 990 अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारियों (मुख्य आरक्षी/उप निरीक्षक एवं निरीक्षक) की वन टाइम वरिष्ठ प्रदान करने हेतु पात्रता क्षेत्र में आये कर्मियों के नाम सम्मिलित किये गये है।

| क.सं | पदनाम | पीएनओ नम्बर | नाम | पिता का नाम | जाति | गृह जनपद | जन्मतिथि | भर्ती की तिथि | उप निरीक्षक घुड़वार पुलिस के पद पर पदोन्नति की तिथि | स्थायीकरण की तिथि | वर्तमान नियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | उ0नि0घुड़सवार पुलिस | 792418390 | खजान सिंह | श्री भीमसैन | राजपूत | बुलन्दशहर | 15.08.1959 | 26.12.1979 | 08.03.1999 | 01.06.2001 | मेरठ |
| 2 | उ0नि0घुड़सवार पुलिस | 772121297 | रामकृष्ण चौधरी | श्री हरिनन्दन चौधरी | यादव | बलिया | 01.07.1958 | 15.02.1977 | 11.03.1999 | 01.09.2005 | वाराणसी |
| 3 | उ0नि0घुड़सवार पुलिस | 792412614 | लक्ष्मेश्वर प्रसाद | श्री केहरी सिंह | चमार | एटा | 05.09.1958 | 01.10.1979 | 08.12.2000 | 13.11.2005 | अलीगढ़ |
| 4 | उ0नि0घुड़सवार पुलिस | 812014497 | सुभाष चन्द्र शर्मा | श्री रम्मन लाल शर्मा | ब्राहमण | बरेली | 30.07.1962 | 16.06.1981 | 05.01.2001 | 26.10.2009 | डा0भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद |
| 5 | उ0नि0घुड़सवार पुलिस | 852510388 | प्रेमबाबू | श्री बलवीर सिंह | कश्यप | अलीगढ़ | 05.06.1967 | 14.06.1985 | 03.11.2004 | – | बरेली |
| 6 | उ0नि0घुड़सवार पुलिस | 980660414 | शिवाजी दूबे | श्री जगनारायन दूबे | ब्राहमण | जौनपुर | 10.11.1978 | 09.10.1998 | 24.11.2010 | – | लखनऊ |
| 7 | उ0नि0घुड़सवार पुलिस | 872111301 | इन्द्रपाल सिंह | श्री महेन्द्र सिंह | जाट | बुलन्दशहर | 10.08.1967 | 02.04.1987 | 28.11.2010 | – | कानपुरनगर |

पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

2016 03/18 5:46 FAX

0003